हाजिरा गैस पाईप लाईन (मार्ग: हाजिरा-बुलढाणा-परभणी-नांदेड-नागपुर-पॅराद्वीप)

14. मराठवाडा डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन (एम.डी.सी.) की महत्त्वपूर्ण परियोजनाएँ (जो मराठवाडा प्रांत के विकास संबंध महत्त्वपूर्ण रही हैं।)

नई प्रायोगिकी मराठवाडा प्रांत में आती रहे, इसलिए महत्त्वपूर्ण

इंडो जर्मन टोल रुम (IGTR) तथा केंद्रीय परियोजना

Central Institute of Plastic Engineering Technology. (CIPET)

सेंटर फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन ॲण्ड टेक्नॉलॉजी (CEDT) स्थापना 1974, सन2011 से **DESE** नामकरण।

महाराष्ट्र सेंटर फॉर इंटरप्रूनरशिप डेवलपमेंट (MCED)

15. ॲड. गणेशराव जी दुधगावकरने परभणी के गोरक्षण की जमीन बचाने के लिए सातत्यपूर्ण प्रयास किए। परिणामतः गोसंवर्धन परियोजना संस्था की मालमत्ता का संरक्षण हुआ।
16. संत रामदास स्वामी जी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के के संबंध में कहे हुए वचन याद आते हैं-''निश्चयाचा महामेरु। बहुजनांशी आधारु। अखंड स्थितीचा निर्धारु। शिव कल्याण राजा।'' ये सारे वचन अँड. गणेशरावजी

दुधगांवकर के संदर्भ में भी सार्थक साबित होते हैं।

17. रेशन दुकान में दो रुपये प्रति किलो गेहूँ, चावल दिए जाते हैं। जब बापुसाहेब सांसद थे उस समय यह बिल पास हुआ था। इस बिल पर संसद में कई बार विचार-विमर्श हुआ था। इस बिल के लिए AIIMS में भरती बापुसाहेब हॉस्पिटल से उठकर संसद भवन मतदान हेतु आये।
18. आसेगाव, ता.वसमत इस गाँव में तत्कालिन जिलाधिकारी श्रीमती सुधा भावे को भेजकर आर्थिक मदत प्रदान की।

- डिकसल-हासेगांव रोड का भूमिपूजन बापुसाहेब ने किया।
- राष्ट्रीय स्तर पर नाफेड सहकारी संस्था के संचालक के रुप में काम करते समय, गणेशराव जी ने कृषि उत्पादित माल पर प्रक्रिया उद्योग, प्याज की निर्यात, ऑईल मिल्स आदि से संबंधित राष्ट्रीय नीति निर्धारित करते समय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- जिंतूर स्थित Govt. Polytechnic College बापुसाहेब ने ही लाया। संगणक शिक्षा का महत्व एवं वर्तमान जीवन में बढ़ती आवश्यकता को पहचानकर मराठवाड़ा प्रांत में सर्वप्रथम ज्ञानोपासक शिक्षा संस्था में पदव्यूत्तर संगणक कोर्स (M.Sc. Computer) आरंभ किया। परभणी नगर निगम को महानगर निगम का स्तर प्राप्त हो, इस हेतु किए गए आंदोलन का नेतृत्व, ॲड.गणेशराव जी दुधगावकर ने किया। सन 2010 में शासकीय रुग्णालय के साथ शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय हो, यह मांग बापुसाहेब ने की थी।

- राष्ट्रीय स्तर पर 'ज्ञानोपासक' बीस वें स्थान पर है। अल्पावधि में ही 'ज्ञानोपासक' यह नाम शिक्षा क्षेत्र में विख्यात हुआ। ज्ञानोपासक में छात्र संसद का निर्माण गुणवत्ता के आधार पर किया जाता है। कक्षा में जिस छात्र को सर्वाधिक अंक मिलते हैं, उसे कक्षा का प्रतिनिधि बनाया जाता है। बापुसाहेब अनुशासनप्रिय व्यक्ति हैं। स्वयं भी वे अनुशासित जीवन जीते हैं। ज्ञानोपासक कॉपीमुक्त परीक्षा केंद्र है। प्रतिकूल परिस्थितियों में गुणवत्ता की खोज का यह सुपरिणाम है।
- 'कॉपीमुक्त परीक्षा केंद्र तथा गुणवत्ता के आधार पर छात्र संसद का निर्माण' इसी 'ज्ञानोपासक पैटर्न' को महाराष्ट्र शासन ने महाराष्ट्र के सभी विश्वविद्यालयों के लिए अपनाया है। इसका श्रेय केवल बापुसाहेब के रचनात्मक दृष्टिकोण को जाता है।

सांसद के तौर पर रचनात्मक कार्य :-

- जब सांसद थे, तब बापुसाहेब ने अनेक सिंचन परियोजनाओं के लिए निधि की माँग संसद में की। लोअर दुधना, जायकवाडी परियोजना नहर, जिसमें पूर्णा तथा गंगाखेड का समावेश है। ये सभी परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं।
- परभणी में एफ.एम. रेडियो आरंभ करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

- परभणी में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसी प्रकार वसंतराव नाईक मराठवाडा कृषि विश्वविद्यालय में कपास, रेशम आदि से संबंधित अनुसंधान हेतु संसाधनों की उपलब्धि हेतु निधि उपलब्ध करके दिया।
- परभणी-मुदखेड रेल मार्ग दोतर्फा बनाना, पैठण-नांदेड (व्हाया-पोखर्णी) इस मार्ग के लिए प्रयत्नशील रहें।
- जब सांसद थे तब विकास प्रक्रिया गतिमान करने हेतु यातायात पर सहेतुक जोर दिया। पैठण, अंबड, घनसावंगी, पोखर्णी, नांदेड यह महामार्ग हो इस हेतू सतत प्रयत्नशील रहें। बापुसाहेब के प्रयासों कारण ही यह महामार्ग पूर्ण हो सका।
- वाटूर फाटा-परभणी रास्ते का काम पूर्ण करने हेतु शासन स्तर पर प्रयास किए।
- जायकवाडी दाई तथा बाई नहर पुनर्निर्मिती हेतु नया प्रस्ताव तैयार करने की मांग की।
- लोअर दुधना परियोजना ए.आई. बी.पी. में समाविष्ठ करने हेतु प्रयास किए। परिणामतः मंठा और परतूर की पानी पुरवठा योजना पूर्ण होने के लिए मदत मिली।
- बेलगाँव, निपाणी, कारवार यहाँ के मराठी लोगों के अधिकारों के लिए हुए धरना आंदोलन में उनका योगदान रहा। अल्पसंख्याक बंधुओं के लिए शादीखाना बनवाने हेतु निधि मंजूर कर लेना, **सिद्धेश्वर प्रकल्प वृद्धि हेतु राज्य तथा केंद्र शासन की ओर समर्थन करना, मराठवाड़ा प्रांत के विकास हेतु शासन नियुक्त 'केलकर समिती' को महत्वपूर्ण सूचनाएँ देना, मराठवाड़ा में हाजिरा से नांदेड़ गैस पाइप लाईन मंजूर हो, इस हेतु यथाशक्ति प्रयत्न तथा समर्थन किया।**
- परभणी-मनमाड तथा मुदखेड-परभणी इन रेल मार्गों को दोतर्फा बनाने के लिए बापुसाहेब ने भरसक प्रयास किए।
- जालना-खामगाव रेल मार्ग का सर्वेक्षण फिर से किया जाए, यह माँग बापुसाहेब ने संसद में सातत्यपूर्ण ढंग से की है।
- मॉडेल कॉलेज तथा केंद्रीय विद्यालय जिले में शुरु हो, इस हेतु प्रयास किए। इसीलिए जालना जिले के घनसावंगी में मॉडेल कॉलेज की स्थापना हुई।
- श्री.गणेशराव जी दुधगांवकर जब सांसद थे तब परभणी तथा पूर्णा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो, महाराष्ट्र के 28 जिलों में CBSE पैटर्न क्रियान्वित करना चाहिए, यही उनकी इच्छा थी।
- अपने राजनीतिक जीवन में बापुसाहेब ने विधायक, मंत्री, सांसद, आदि के साथ-साथ अनेक पदों पर काम करते हुए जिम्मेदारी संभाली है। जब सांसद थे तब अन्न सुरक्षा विधेयक, भूसंपादन पुनर्वसन, महाराष्ट्र में पड़ा अकाल, धनगर समाज को अनुसूचित जाति में समाविष्ट करने हेतु प्रयास आदि विभिन्न समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया।
- एन.एच.222 को चौड़ा करना, केंद्रीय शिक्षण संस्था में आरक्षण दुरुस्ती विधेयक, रेल अर्थसंकल्प, किसान, मजदूर, दलित, वंचित लोगों के प्रश्न संसद में उन्होंने उपस्थित किए। सांसदिय आयुधों का उपयोग करके उन्होंने जनतांत्रिक मूल्यों का संवर्धन तथा उपयोजन किया।

- महाराष्ट्र विधानसभा में किसानों का कर्ज, बीज, खाद, कृषि औजार आदि प्रश्न उठाकर किसानों तथा कृषि मजदूरों का विश्वास संपादन किया।
- परभणी के अल्पसंख्यांक बांधवों के लिए शादीखाना निर्माण के लिए निधि मंजूर किया।
- बापुसाहेब पाँच वर्ष सर्वाधिक सक्रिय सांसद के रुप में सांसद कार्यरत रहें। संसदीय कामकाज में सर्वाधिक उपस्थिति का विक्रम उन्होंने अपने नाम पर किया । 'संसदपटू' के रुप में उन्हें गौरवान्वित किया गया। उन पाँच वर्षों में उन्होंने संसद में कुल 418 प्रश्न पूछे। उस समय सांसदों ने संसद में प्रश्न पूछने का औसत प्रमाण 300 था। अर्थात इसके डेढ़ गुना प्रश्न उन्होंने संसद में पूछे। इस प्रकार परभणी की जनता की आवाज को उन्होंने संसद में प्रतिध्वनित किया।
- परभणी के विकास कार्यों में बापुसाहेब का योगदान असाधारण रहा है। उन्होंने वसमत रोड राष्ट्रीय महामार्ग के चौडीकरण हेतु सफल समर्थन किया।

- मराठवाडा विश्वविद्यालय को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का नाम देना चाहिए, इस प्रकार का विचार-विमर्श चल रहा था। उस समय विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वप्रथम यह विषय बापुसाहेब ने रखा।
- मराठवाडा प्रांत के 45 आई. टी. आई., 45 तकनीकी हाईस्कूल्स- उदगीर तथा निलंगा के इंजीनियरिंग कॉलेजेस को आदरणीय बापुसाहेब ने प्रशासकीय अनुमति दे दी। उस समय के इस कार्य के द्वारा उन्होंने मराठवाडा प्रांत में तकनीकी शिक्षा की गंगा ही प्रवाहित कर दी।
- बापुसाहेब के शिक्षा क्षेत्र के इस योगदान के कारण ही मराठवाडा प्रांत के अनगिनत छात्र आज नोकरी करके आत्मनिर्भर हो गए हैं। आज ये युवा अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं।
- सन 1983 में ज्ञानोपासक शिक्षण मंडल की स्थापना की। जिंतूर तथा परभणी में ज्ञानोपासक महाविद्यालय स्थापित किए। साथही ग्रामीण इलाकों में पाठशालाएँ प्रारंभ की। इस प्रकार शहरी तथा देहाती छात्रों के लिए गुणात्मक शिक्षा की व्यवस्था की। महाविद्यालय को आई. एस.ओ. नामांकन 2000 स्तर तथा स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विश्वविद्यालय की ओर से दिया जाने वाला 2011-12 का शहरी विभाग का 'उत्तम महाविद्यालय पुरस्कार' प्राप्त होकर महाविद्यालय गौरवान्वित हुआ।
- **परभणी शहर में लुप्त हो रही शैक्षिक संस्कृति को ज्ञानोपासक महाविद्यालय ने पुनरुज्जीवित किया है। इसीलिए समूचे मराठवाड़ा प्रांत में 'ज्ञानोपासक' ख्यातिप्राप्त हुआ।**

जनसेवक दुधगांवकर जी का सपना पुरा हुआ...

सन 1984 का ज्ञानोपासक महाविद्यालय परभणी

सन 2022 का ज्ञानोपासक महाविद्यालय, परभणी
तिसरी बार नॅक 'अ' दर्जा प्राप्त

शब्दांकन ''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

- **बेरोजगार युवाओं की अहम् समस्या उन्होंने हल कर दी:** बापुसाहेब तंत्र शिक्षा मंत्री थे, इसलिए उन्होंने वसमत मतदारसंघ में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की स्थापना की।
- जिंतूर तथा हिंगोली तहसील में पॉलिटेक्निक की स्थापना की। परिणामतः इन दो संस्थाओं में युवाओं को रोजगार मिला। साथ ही इस विभाग के छात्रों ने इन शिक्षा संस्थाओं में औद्योगिक प्रशिक्षण लिया तथा इन प्रशिक्षित युवाओं को औरंगाबाद तथा पूर्णा सहकारी शक्कर कारखाना में रोजगार मिला। आज यह काम उनकी आजीविका का साधन बन गया। अत: बापुसाहेब का यह कार्य वसमत तथा जिंतूर तहसील के निवासियों की चिरस्मृति में रहेगा।
- **शैक्षिक संस्थाओं को मदत करना, यह उनका स्थायी भाव है।** इसी वजह से शहागड स्थित स्वामी रामानंद शिक्षण प्रसारक मंडल संचालित प्रबोधनकार ठाकरे विद्यालय की इमारत का निर्माण सांसद निधि द्वारा करवाया।
- न्यायमूर्ति धर्माधिकारी, जगन्नाथ पुरी के शंकराचार्य जगद्गुरु निश्चलानंद सरस्वती आदि दिग्गज विभूतियों को सुनने का अवसर बापुसाहेब के कारण परभणी के निवासियों को प्राप्त हुआ।

- औरंगाबाद MIDC का Infrastructural Development करने में गणेशराव जी का योगदान उल्लेखनीय रहा है। बापुसाहेब की ज्ञानसाधना की वृत्ति के कारण स्नातक शिक्षा पूर्ण होने के बाद उन्होंने एल.एल.बी. किया। कानून की शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने वकालत करना शुरु किया। इस व्यवसाय में उन्होंने काफी सफलता तथा कीर्ति प्राप्त की।
- अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त करके समीर भारत लौट आया है। अपनी बुद्धिमत्ता, ज्ञान तथा कौशल अपने देशवासियों के काम जाए, ऐसी उदात्त सोच समीर दुधगावकर की है। आदरणीय बापुसाहेब के मार्गदर्शन में समीर अपना मार्गक्रमण कर रहा है तथा संत तुकाराम के वचन- '**शुद्ध बीजापोटी फळे रसाळ गोमटी**' को सार्थक कर रहा है।
- सन 2001 से गुणवंत छात्रों के लिए 'रुपाली दुधगांवकर राष्ट्रीय पुरस्कार' आज तक सुचारु ढंग से वितरित किया जा रहा है।
- **समीर भाऊ के शब्दों में** - बापुसाहेब अपने प्रामाणिक प्रयत्नों के कारण मेरे सामने रोल मॉडेल हैं। उनसे बहुत कुछ सीखकर ही मैं अपने जीवन में कुछ अच्छा काम कर सका हूँ। राज्य शिखर संगठन का उपाध्यक्ष बनना अथवा उस पद पर कार्य करते हुए शिक्षा क्षेत्र के साथ जुड़ने का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य चेंबर ने करना चाहिए, यह धारणा रखकर काम किया।
- अततः सांसद बनने का अवसर श्री. बालासाहेब ठाकरे ने बापुसाहेब को प्रदान किया और उन्होंने राष्ट्रवादी काँग्रेस के भूतपूर्व प्रतिष्ठित मंत्री को पराभूत कर के गौरवशाली इतिहास अपने नाम पर लिख दिया।

शब्दांकन ''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

बापुसाहेब कि दादी

बापुसाहेब के पिताजी

एक समझदार जनसेवक

- मराठवाडा मुक्तिसंग्राम में अपना खून बहा देने वाला दुधगाव का क्षत्रीयकुलवंत शिंदेशाहीराऊत परिवार है। अँड गणेशराव जी दुधगांवकर के माता-पिता तथा परिवार एक प्रकार से ऊंचे दर्जे के स्वतंत्रता सेनानी थे। स्वतंत्रता सेनानियों को आर्थिक सहायता देकर आंदोलन सक्रिय रहने हेतु इस परिवार ने की हुई मदत के कारण इस परिवार का नामोल्लेख बुजुर्ग लोग बड़े ही सम्मान से करते हैं।
- मराठवाडा मुक्ति संग्राम तथा हैदराबाद मुक्ति संग्राम में जिन महान परिवारों ने त्याग किया उनमें दुधगांव का दुधगांवकर परिवार उल्लेखनीय है। परिवार कितना ही समृद्ध हो, तो भी उसमें अपनी विरासत तथा संस्कृति का संवर्धन करने की क्षमता होगी ही, ऐसा कहा नहीं जा सकता।

- उपेक्षित, वंचित, संसाधनहीन वर्ग के दुख तथा अभावों को समझने वाले, सामने वाले व्यक्ति के दुख तथा आवश्यकता को पहचानने वाले; नाम में ही 'गणेश' होने के कारण बापुसाहेब ने कभी भी किसी की जात-पात का, दूर का नजदीक का, शत्रू-मित्र ऐसा भेदभाव नहीं किया। आज तक के जीवन कार्यों से यह बात स्पष्ट अनुभव होती है।
- खेत में काम करने वाले लोगों को दुधगांवकर जी ने सम्मान कें साथ ऊँचे पदों पर विराजमान किया। उन्हें रोजी-रोटी के साधन दिए। उन्हें 'बड़ा' बना दिया। अपने आसपास के इलाके के लोगों को उन्होंने हमेशा ही मदत की है।
- बापुसाहेब के संबंध में एक विरोधी पक्ष नेता की पत्नी ने कहा था कि, गणेशराव जी और हमारे राजनीतिक संबंध भविष्य में ऐसे ही बने रहेंगे या नहीं; कहा नहीं जा सकता लेकिन उनका सदाचरण तथा उन्होंने दिए हुए सहयोग को मैं कभी भी भूल नहीं सकती।
- मा. बापुसाहेब स्वयं एक जमीनदार तथा संपन्न परिवार के होते हुए भी उन्होंने एक सामान्य परिवार की किंतु सुसंस्कारित परिवार को लडकी के साथ विवाह किया। कै. श्रीधरराव कदम साहेब उनके ससुर जी। बिना दहेज लिए उन्होंने यह विवाह किया था। उस समय यह आश्चर्य की बात थी।
- बापुसाहेब को किसी की प्रशंसा करनी होती थी, तो अनोखे शब्दों में करते थे। फ.मुं. शिंदे को वे लेखक कहकर संबोधित करते थे।
- फ. मुं. शिंदे तथा गणेशराव जी दुधगांवकर किताबों-कापियों को एक साथ बैठकर रॅपर लगाते थे। वास्तव में गणेशरावजी संपन्न परिवार से आए हुए थे। लेकिन उनके स्वभाव में अपनी अमीरी का कहीं पर भी अहंकार नहीं था। उनकी विनम्रता 'विद्या विनयेन शोभते' इस सुवचन को सार्थक करती है। फ. मुं. तथा गणेशरावजी के किस्से पानतावणे सर ने अपने अनोखे शब्दों में व्यक्त किए हैं। गणेशराव जी तथा पानतावणे सर के आपसी संबंध बडी आत्मीयता के थे।

शब्दांकन ''कर्मयोगी अॅड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

- अपने गाँव का निवासी व्यक्ति जो घाटी अस्पताल में ॲडमिट था; उसे लगातार पंद्रह दिनों तक समर्थ नगर से पैदल घाटी जाकर भोजन पहुँचाया। ऐसी बापुसाहेब की सेवाभावी वृत्ति रही है ।
- राष्ट्रीय स्तर पर बापुसाहेब जैसे युवा कार्यकर्ता हर जिले में निर्माण हुए। बापुसाहेब का युवा नेतृत्व ऊभर रहा था, फिर भी बुजुर्ग राजनेताओं के प्रति उनके मन में आदर भावना थी। छात्र जीवन से ही उन्हें राजनीति के प्रति आकर्षण था। बापुसाहेब की राजनीति विकासाभिमुख थी। उन्होंने स्वयंकेंद्री राजनीति कभी भी नहीं अपनाई।
- जनतांत्रिक मूल्यों पर बापुसाहेब का विश्वास है। इसी के फलस्वरुप उन्होंने पुणे, मुंबई आदि शहरों में मराठवाडा प्रांत के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया। जिला परिषद, पंचायत समिति, मार्केट कमिटी तथा विभिन्न सहकारी परियोजनाओं का निर्माण उन्होंने किया।
- पाथरी तहसील के पाथरगव्हाण नामक गाँव में बापुसाहेब ने प्राथमिक आरोग्य केंद्र का निर्माण करवाया। शे.का.प. की जिला परिषद में सत्ता थी तो भी पाथरगव्हाण इस गाँव में प्राथमिक आरोग्य केंद्र का निर्माण हुआ।
- प्राचार्य रामदास डांगे इनके द्वारा किए गए ज्ञानेश्वरी ग्रंथ से संबंधित कार्य का गौरव करने का निश्चय किया गया। तत्कालिन गौरव समिती के अध्यक्ष शेषराव जी देशमुख थे। इस हेतु बहुत बड़ी रकम की आवश्यकता थी। उस समय बापुसाहेब ने पच्चीस हजार रुपयों की मदत सहजता से की थी।
- मंत्री पद प्राप्त होते ही लाल दीए की गाड़ी में जाते समय उन्हें व्यक्तिगत ठाँठ-बाँट की बजाय देहातों में रहने वाले गरीब लोगों के बच्चों की पढ़ाई हेतु महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार आया। इसी का परिणाम उन्होंने परभणी तथा जिंतूर में महाविद्यालय शुरु किए और पाथरी, सेलू आदि तहसीलों में पाठशालाएँ शुरु कीं। आज इन पाठशालाओं तथा महाविद्यालयों का भव्य रुप देखने के बाद बापुसाहेब की दूरदृष्टि का परिचय मिलता है। **छत्रपति शाहू महाराज के विचारों का साक्षात् कृतिशील अविष्कार अर्थात बापुसाहेब हैं।**
- कर्मवीर विठ्ठल रामजी शिंदे, कर्मवीर भाऊराव पाटील, कर्मवीर दादासाहेब गायकवाड ऐसे दिग्गज कर्मवीर इस महाराष्ट्र भूमि में उत्पन्न हुए हैं। बापुसाहेब इसी परंपरा की अगली कड़ी हैं।

- 'अमेरिकन कॅलिफोर्निया बेव्हरेज बिअर' अपनी बियर की बोतल पर गणपती का लेबल लगाया था। यह हिंदू धर्म का अपमान है, यह सर्वप्रथम संसद में कहने का साहस बापूसाहेब ने किया था। किसानों को नुकसान भरपाई मिले इस हेतु उन्होंने यह मुद्दा संसद में उठाया था।
- बापुसाहेब धर्मनिरपेक्ष तथा पुरोगामी हैं। फुले-शाहू-आंबेडकर के विचारों का प्रभाव उनके व्यक्तित्व पर होने के कारण अपने मागासवर्गीय, बौद्ध सहकारियों पर उनका प्रेम है, लेकिन उन्होंने ब्राह्मणों का कभी द्वेष नहीं किया।
- पुरोगामी वैचारिक भूमिका और वैचारिक अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य, इनके बापुसाहेब समर्थक हैं। कांग्रेस, राष्ट्रवादी तथा शिवसेना इस प्रकार पक्षीय सफर में उन्होंने पक्षीय वैचारिक प्रारुप सुरक्षित रखते हुए व्यक्ति स्वातंत्र्य का समर्थन किया।
- बापुसाहेब का सुसंस्कृत व्यक्तित्व, लोगों की समस्याएँ हल करने की परोपकारी वृत्ति और समृद्ध पारिवारिक विरासत इन कारणों से वे सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन में सफल हुए।

शब्दांकन ''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

- **मंत्रालय स्तर पर काम करने की उनकी शैली अत्यधिक गतिशील थी। विभाग की ओर से आयी हुई फाईल तीसरे दिन कॅबिनेट की ओर भेज दी जाती थी। अपने विरोधियों को यथोचित उत्तर देकर वे उनका समाधान करते थे।**
- बापुसाहेब की खास स्वभावगत विशेषता यह थी कि वे सरकारी पैसा अनावश्यक कामों पर कभी भी खर्च नहीं करते थे।
- अनेक अधिकारियों तथा कर्मचारियों के तबादले उनकी सुविधानुसार किए जाते थे। **बापुसाहेब के लिए भ्रष्टाचार निषिद्ध था।**
- बापुसाहेब ने अपने एक मित्र के संबंध में कहा कि, ये मेरे मित्र हैं और कार्पोरेशन ने उन्हें अभ्यास कार्य हेतु शिकागो भेजना तय किया है। वे शिकागो पहुँचने ही चाहिए। उनके पी.ए. तथा पी.एस. ने दो दिनों में पासपोर्ट, व्हीसा, चलन आदि सबका प्रबंध किया। विदेश जाने के लिए मंत्रीमंडल की अनुमति लेनी पड़ती है। बापुसाहेब ने यह कार्योत्तर मान्यता सुधाकरराव जी नाईक से से ली। इस प्रकार मित्र को शिकागो भेज दिया।
- बापुसाहेब गलत काम हेतु किसी के भी सामने झुके नहीं। उन्होंने हमेशा सत्य का समर्थन किया। सूर्य को कोई हाथ लगाता नहीं, हिमालय को कोई बचाता नहीं। बापुसाहेब सत्य बोलते हैं। वे किसी के बाप को डरते नहीं। उन्होंने अपने जनसामान्य सहयोगियों को मदत की है, विभिन्न पदों पर नियुक्तियाँ दी हैं।
- समूचे महाराष्ट्र में रोजगार हमी योजना के कामों पर बापूसाहेब स्वयं मुआइना करने के लिए जाते थे। जहाँ पर भी उन्हें काम में अनियमितता दिखी, वहाँ उन्होंने अधिकारियों को दंडित किया। अधिकारियों को निलंबित किया।
- न किए हुए काम का श्रेय भी वर्तमान राजनेता स्वयं की ओर ले लेते हैं। ऐसे वर्तमान युग में बापुसाहेब जैसा चरित्रसंपन्न राजनेता मिलना दुर्लभ है। उनकी इसी चरित्रसंपन्नता के कारण ही आम लोगों ने उन्हें समर्थन दिया और वे विधायक, सांसद, मंत्री आदि सफलता के सोपान चढ़ सकें।
- बापुसाहेब ने परभणी जिला परिषद का भ्रष्टाचार जनता के सामने लाया। उन्होंने यह प्रश्न विधिमंडल में उपस्थित किया। परिणामस्वरुप संबंधित व्यक्ति को सजा मिली।
- बापुसाहेब कांग्रेस के राज्य उपाध्यक्ष थे फिर भी उन्होंने आपातकाल का कभी भी समर्थन नहीं किया। वे आपातकाल के विपरित अपने विचार व्यक्त करते थे। जब शिवसेना में थे, तो उन्होंने धार्मिक उत्पाद को कभी भी स्थान नहीं दिया। अपने सामाजिक, राजनीतिक मंतव्य वे निर्भयता से व्यक्त करते थे।
- जब बापुसाहेब वसमत में आए, तो उन्होंने बताया कि, मैं मुख्यमंत्री ए. आर. अंतुले जी से मिला हूँ और उन्हें इस घटना की विस्तार से जानकारी दी है। इस प्रकार घायल तथा मयत लोगों को बापुसाहेब के प्रयासों के कारण आर्थिक मदत मिल गई।
- अति वृष्टि के समय बापुसाहेब तत्कालिन मंत्री यशोदा बजाज उर्फ दीदी तथा तत्कालिन कलक्टर सौ. सुधा भावे को वसमत लेकर आए और अति वृष्टि हुए इलाके का मुआइना किया। वसमत तहसील में अतिवृष्टि के कारण अकाल पड़ा था तब वसमत तहसील के लिए तात्काल शासकीय मदत प्राप्त की थी। इस प्रकार उन्होंने जनसाधारण को अकाल से राहत दिलाई थी।

शब्दांकन ''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

- ज्ञानोपासक शिक्षण मंडल द्वारा संचालित पाठशालाओं तथा महाविद्यालयों में बहुजन समाज, अल्पसंख्यांक समाज तथा मागास प्रवर्ग के गुणवान युवक-युवतियों को अध्यापक तथा प्राध्यापक बनने का अवसर बापुसाहेब ने ही उपलब्ध करके दिया। किसी भी प्रकार का डोनेशन उन्होंने नहीं लिया। युवाओं को नौकरियाँ देते समय बापुसाहेब ने न जाति देखी, न धर्म देखा, न रिश्तेदारी देखी। गुणवत्ता और अर्हता देखकर ही उन्होंने युवाओं को नोकरी के अवसर प्रदान किए। गरीब, मागासवर्गीय, तथा एस.टी. प्रवर्ग के युवकों में जब उन्हें गुणवत्ता दिखी तो उनकी नियुक्ति खुला प्रवर्ग के भीतर भी कर दी। छत्रपति शाहू महाराज के आरक्षण नीति का प्रत्यक्ष अंमल बापुसाहेब ने किया। इसी तरह छत्रपति शाहू महाराज अपने संस्थान के मागासवर्गीय लोगों का सहारा बनकर रहते थे।
- सादगीपूर्ण जीवन, उच्च विचार, अहंकार का अभाव, शालिनता, विनयशीलता, सरलता, विद्वत्ता, परोपकार, न्यायप्रियता आदि अँड. गणेशराव जी की चारित्रिक विशेषताएँ हैं। सभी जाति-धर्म के लोग उनके मित्र हैं। सामाजिक समता, धर्मनिरपेक्षता तथा जनतंत्र ये मूल्य उन्होंने अपने जीवन में अपनाए और इन्हीं मूल्यों के सहारे उन्होंने जीवनयापन किया।
- बापुसाहेब के मित्रों ने कहा है, ''इतने अमीर होने के बावजूद भी उनकी सादगी, विनयशीलता, आडंबरहीनता, नेकी, मानवता आदि सद्गुण जनमानस को प्रभावित करते रहे हैं। उनकी वृत्ति एक खिलाड़ी की है। जीते तो घमंड नहीं, हारे तो हताशा-निराशा नहीं।''

- बापुसाहेब के मित्रों के शब्दों में ही, ''अरे देखो भाई शफी सहाब, **गणेशराव फरिश्ते जैसे लग रहे हैं,** नई, क्या बात है साहब! उनके घुंगराले लंबे-लंबे सर के बाल, मुछें बढी हुई दाढी, सफेद कुर्ता पायजामा, ओ आगे आगे और हम उनके पिछे-पिछे चले जा रहे है! **ऐसा लगता है जैसे मसिहा आगे चल रहा है और काफिला पिछे पिछे बढता जा रहा है।** वाह ! क्या खुब मंजर है।''
- बापुसाहेब जब सांसद थे, तो संसद में उन्होंने कृषि, शिक्षा, उद्योग आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने मतदार- संघ की समस्याएँ उन्होंने वहाँ उपस्थित की और उनका हल निकालने का प्रयास किया।
- चारधाम यात्रा को गए हुए 40 से 50 लोगों को प्राइवेट ट्रॅवल्स से दिल्ली के पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह समाचार तुरंत हयातनगर में पहुँचा। लोग रोने लगे, रिश्तेदार-नातेदार विलाप करने लगे। बापुसाहेब मंत्री थे। उन्होंने निर्देश देने पर अस्पताल में इन सभी घायलों का व्यवस्थित इलाज किया गया।
- परभणी-पाथरी रोड पर का एकरुखा गाँव का पोंगल त्यौहार पर हुआ वाद-विवाद बापुसाहेब ने शांततापूर्ण ढंग निपटाया।
- गणेशराव जी का साहस तथा अपनी मिट्टी के साथ उनकी निष्ठा सर्वपरिचित है। उनका लोगों के साथ बर्ताव आत्मीयतापूर्ण रहा है।
- कहते हैं कि मिट्टी में मिलने पर भी इत्र की महक जाती नहीं और तोड़ने पर भी हीरे की चमक कम होती नहीं। ईश्वर ने मित्र नामक अद्भुत रसायन बनाया है। - मन हलका करने के जब कोई नहीं होता तब 'मैं हूँ ना' ऐसा जो कहता है

शब्दांकन ''कर्मयोगी अॅड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

वह सच्चा मित्र होता है। बापुसाहेब ऐसे ही मित्र हैं।

- डॉ. सौ. संध्याताई के व्यक्तित्व को विकसित होने का पूरा अवसर बापुसाहेब ने दिया। यह लक्ष्मीनारायण की ही जोड़ी है। डॉ. संध्याताई ने केवल अपनी घर-गृहस्थी ही नहीं सँभाली, बल्कि वे ज्ञानोपासक महाविद्यालय में प्राध्यापिका तथा प्राचार्या के रुप में भी सेवारत रही। इतना ही नहीं पोखर्णी जैसे छोटे-से गाँव में रहकर अपनी खेती का भी कारोबार संभाला। बापुसाहेब ने पाई हुई सफलता में सौ. संध्याताई का योगदान बहुत बड़ा है।



- बापुसाहेब की सहचारिणी सौ. संध्याताई विज्ञान की पीएच.डी. धारक हैं। 'विद्या विनयेन शोभते' इस वचन को डॉ. संध्याताई ने अपने आचरण के माध्यम से सार्थक कर दिया है। क्योंकि अपने ज्ञान, पद तथा संपन्नता का उन्हें बिल्कुल अहंकार नहीं है। उनके बच्चों में भी यही सादगी देखने को मिलती है। ''हम असामान्य है, विशेष है'' ऐसा आचरण उनका कभी भी नहीं रहा।
- साहित्यिक उपक्रमों में उनका योगदान प्रचुर रहा है। महाराष्ट्र राज्य के अनेक मूर्धन्य साहित्यकारों से बापुसाहेब के आत्मीय संबंध रहे हैं।
- गरीब हैं, पर अपने विषय पर जिनका प्रभुत्व हैं, जो अपने विषय में निष्णात हैं, ऐसे प्रोफेसरों की नियुक्तियाँ गणेशराव जी ने अपने महाविद्यालयों तथा पाठशालाओं में की हैं। बापुसाहेब के लिए गुणवत्ता ही चुनाव की शर्त रही है। बापुसाहेब आर्थिक लोभ से कोसों दूर हैं, इसी बात का यह सबूत है। सामाजिक न्याय, सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का ध्यान उन्हें हमेशा है। यह उनकी दृष्टि प्रशंसनीय है।
- बापुसाहेब के बड़े भाई लिंबाजीराव दुधगांवकर उर्फ दादा जिला परिषद के अध्यक्ष थे। वर्तमान युग में राजनीति अल्पावधी में अमीर बनने का साधन बन गई है। लेकिन बापुसाहेब ने राजनीति के माध्यम से अपनी स्वार्थ सिद्धि कभी भी नहीं की। वे पीढ़िजात संपन्न थे। उनके लिए पैसा मात्र साधन है; उसे उन्होंने साध्य कभी भी नहीं माना।
- ऐसा कहा जाता है कि Power corrupts and absolute power absolutely corrupts, ऐसा आचरण करने वाली कांग्रेस पार्टी का विचार न करते हुए इन दोनों भाइयों ने युवाओं के सम्मुख आदर्श का अनोखा उदाहरण रखा है। यह गौरव की बात है, अभिमान करने जैसी बात है, अनुकरणीय बात है।
- बापुसाहेब ने सोद्देश्य 'मेरिट ओरिएंटेड' शिक्षा के बजाय 'देहाती छात्रों के लिए शिक्षा' इस नीति को अपनाया। मराठवाडा प्रांत में 'संगणकशास्त्र' यह विषय जनसामान्य तक पहुँचे, इस हेतु ज्ञानोपासक महाविद्यालय में इस विषय का 'अध्ययन-अध्यापन' बापुसाहेब ने आरंभ किया।
- राजनीति, सामाजिक क्षेत्र तथा शिक्षा क्षेत्र में बापुसाहेब का व्यक्तित्व तथा आचरण पारदर्शी रहा है। इसी कारण बापुसाहेब का समाज में एक प्रभाव है। सभी के मन में उनके प्रति आदर भाव है। **जो भीतर है, वही बाहर है,** ऐसा शुद्ध अंत:करण बापुसाहेब का है।

शब्दांकन ''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

- बापुसाहेब जनपरिषद नामक संगठन के सदस्य थे। उन्होंने परभणी जिले में सन 2000 में समाजवादी जन परिषद नामक संगठन स्थापित किया था।
- एखाद व्यक्ति ध्येय से प्रेरित हुआ तो असंभव काम को भी संभव बना देती है। । यह वाक्य बापुसाहेब के संबंध में बिल्कुल सत्य है।
- जिंतूर तहसील के मैनापुरी स्थित एशिया का पहला 'सहकारी खाद कारखाना' बापुसाहेब के प्रयाओं की ही फलश्रुती है। इस कारखाने के उद्घाटन अवसर पर लिंबाजीराव दुधगांवकर ने कहा था कि खाद कारखाना निर्माण का काम बहुत बड़ा है। लेकिन मुझे विश्वास था कि यह निर्माण कार्य होने ही वाला है। क्योंकि गणेशराव जी ने कोई कार्य करने का निश्चय किया तो वे उस काम को पूर्ण करते ही हैं।

- बचपन से ही यह दृढनिश्चय गणेशराव जी में मैं देखते आ रहा हूँ। अत: खाद निर्मिती कारखाना पूर्ण होने वाला है, यह आमविश्वास मुझे था और यह आत्मविश्वास गणेशराव जी ने सच करके दिखाया है।
- जब बापुसाहेब सांसद थे तो उस समय विलासराव जी देशमुख महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रीमंडल में थे। दोनों की राजनीतिक पार्टियाँ भिन्न-भिन्न थीं, फिर भी दोनों में परस्पर अपनापन तथा आस्था थी। बापुसाहेब को सांसद बनने का अवसर स्वयं बालासाहेब ठाकरे जी ने दिया था। बापुसाहेब के मन में भी बालासाहेब ठाकरे के प्रति असीम सम्मान था।
- परभणी, जालना लोकसभा चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते समय अँड. गणेशरावजी दुधगांवकर ने निधि देते समय कभी भी यह नहीं सोचा कि परभणी अपना है और जालना पराया है। घनसावंगी तथा परतुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में उन्होंने यथाशक्ति निधि प्रदान किया। इतना ही नहीं बल्कि जालना-नगरसोल डेमो एक्सप्रेस के लिए भी उन्होंने प्रयास किए।

'परस्पर विरोधी विचार तथा कार्यप्रणालियों के कारण भावी चुनावों में मतदाता निर्णायक रहेंगे, कुछ राजनीतिक पार्टियों के अस्तित्व का ही प्रश्न निर्माण होगा, यह भविष्यवाणी वर्तमान राजनीति के संबंध में बापुसाहेब ने पहले ही व्यक्त की थी।

शब्दांकन ''कर्मयोगी अॅड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब'' अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

बापुसाहेब के ही शब्दों में...

- लगभग 1965 को विद्यार्थी प्रतिनिधि का चुनाव लड़ा। यह चुनाव तत्कालिन युथ कांग्रेस के बॅनर में लड़ लिया। युक्रांद तथा शेकाप का प्रभाव छात्र आंदोलन पर था। आगे चलकर शिवाजी महाविद्यालय की छात्र संसद का अध्यक्ष बना।
- मैं औरंगाबाद के एम.पी. लॉ कॉलेज में पढ़ाई के लिए था, तभी मराठवाडा विकास आंदोलन शुरु किया। इस आंदोलन का नेतृत्व करते हुए मराठवाडा प्रांत के विकास हेतु सक्रिय रहा।
- मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद नामांतर के समय, मैं इस आंदोलन का प्रभावी नेतृत्व कर सका, इसका श्रेय मेरे परिवार को तथा हमारे परिवार के प्रमुख लिंबाजीराव दुधगांवकर को जाता है। महाराष्ट्र राज्य के टेक्निकल विभाग के मंत्री के रुप में मै कार्य कर पाया।

तत्कालिन केंद्रिय मंत्री मा. माधवराव सिंधीया (शिंदे)
इनके साथ बापुसाहेब और साथी

- एक मंत्री के रुप में विना अनुदानित इंजीनियरिंग कॉलेज को मान्यता देने की नीति मैंने अपनाई।
- एल. एल. बी. को प्रवेश लिया। सन 1971-72 इस शैक्षिक वर्ष में मैं एम.पी. लॉ कॉलेज स्टुडंट कौंसिल का अध्यक्ष बना। एल.एल. बी. का अध्ययन करते समय ही लगभग 1972 को मराठवाडा प्रांत के विकास हेतु आंदोलन हुआ। मैं मराठवाडा स्टुडंट युनियन असोशिएशन' (मुसा) के अध्यक्ष के रुप में चुनकर आया।
- हमने हमारी माँगे प्रत्यक्ष मुख्यमंत्री के सामने रखीं। जायकवाडी प्रकल्प, अप्पर पैनगंगा, लोअर दुधना, उजनी परियोजना, विष्णुपुरी परियोजना, ब्रॉड गेज रेल, आकाशवाणी, हाईकोर्ट आदि माँगे उनमें प्रमुख थीं। महाराष्ट्र राज्य का भावी मुख्यमंत्री मराठवाडा प्रांत का ही होना चाहिए यह एक विशेष माँग हमने की थी ।
- उस समय मैं मराठवाडा पदवीधर मतदारसंघ से छात्र आंदोलन के माध्यम से चुनकर आया था। उस समय मैं मराठवाडा विश्वविद्यालय का एक्जीक्यूटिव काऊंसिल का सदस्य था।
- नामांतर आंदोलन के समर्थन में मराठवाड़ा प्रांत से मैं एकमात्र विधायक था।

गौरवग्रंथ सारांश

हिंदी/मराठी

उपर्युक्त शब्दांकन
''कर्मयोगी ॲड. गणेशराव नागोराव दुधगांवकर उपाख्य बापुसाहेब''
अमृत महोत्सव गौरव ग्रंथ से लिया गया है।

प्रकाशित संपुर्ण गौरवग्रंथ

सांसद ॲड. गणेशरावजी दुधगांवकर के कार्यों का पूनर्विलोकन

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
1. हाजिरा गॅस पाईपलाईन - सन 1983 से महत्वपुर्ण पृष्ठपोषण (Followup) 15,000 करोड़ रु. निवेशवाले (सन 1988) खाद कारखाने रिफायनरी, प्लास्टिक उद्योग, घरेलू गॅस पाईपलाईन, कारखानों का जाल विस्तृत करनेवाले प्रकल्प - ऐसा वह बड़ा ही महत्वाकांक्षी प्रकल्प अहवाल है।	हाजिरा-नांदेड-नागपूर गॅस पाईपलाईन निर्माण हेतू प्रस्ताव 1985 के काल में पेश किया। **मराठवाडा क्षेत्र और विदर्भ के औद्योगिक विकास और रोजगार निर्माण हेतु महत्त्वपूर्ण 25 लाख प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार निर्माण की क्षमता का प्रस्ताव**	➔ सूरत (गुजरात) से पॅराव्दिप (ओरीसा) तक 1550 कि.मी. लंबाई के गॅस पाईपलाईन प्रकल्प को मंजूरी प्राप्त। ➔ इस पाईपलाईन से महाराष्ट्र के धुलिया, नंदूरबार, जलगाँव, बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, नागपूर, भंडारा इन जिलों को मिलाया गया है। **GAIL कंपनी को गॅस पाईप लाईन जोडने का टेंडर प्राप्त है।** ➔ भविष्य में बुलढाणा से जालना, औरंगाबाद और परभणी को पाईपलाईन से जोडा जाए, अकोला से वाशिम, हिंगोली, नांदेड के लिए जोडा जाए, इसके लिए निरंतर केंद्र सरकार की ओर पृष्ठपोषण जारी है।
2. रेल		✻ यातायात में मुश्किल न आए इस हेतु चुडावा-वसमत इस बायपास रस्ते को मंजूर कराया.
3. केंद्र सरकार का फुड पार्क		✻ छ.संभाजीनगर (औरंगाबाद) के लिए मंजूर हुआ।
4. केंद्रिय विद्यालय	केंद्रिय विद्यालय संघठन इनकी ओर से परभणी और जालना जिला मुख्यालय में केंद्रिय विद्यालय का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।	➔ केंद्रीय विद्या संघठन, नई दिल्ली की ओर से परभणी और जालना जिला स्थित कक्षा 1ली से 10वी तक CBSE पॅटर्न के अनुसार केंद्रिय विद्यालय प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है। ➔ राज्य सरकार की ओर से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे। ➔ ग्रामीण विभागों के बुद्धिमान छात्रों के जीवन को विशिष्ठ पहचान देने में यह विद्यालय महत्त्वपूर्ण होंगे।

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
	सिंचाई (नहर)	
1) माजलगाव दाहिना (दाया) कालवा (नहर)	16 वर्षो से अपूर्ण कार्य था । 101 कि.मी तक कार्य पूर्ण लेकिन प्रकल्प अपूर्ण रहा ।	➔ निरंतर पृष्ठपोषन के कारण कि.मी. 101 से 114, 114 से 124 ओर 125 इस कार्य के आगे के कार्य को प्रशासकीय मंजुरी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण । अब प्रत्यक्ष कार्य की प्रतिक्षा । ➔ कार्यारंभ आदेश प्राप्ति का निरंतर पृष्ठपोषणता जारी । ➔ यह प्रकल्प पूर्णतः अर्थात कि.मी-134 तक नहर पूरी होने के बाद **गंगाखेड तहसिल के 12000 हेक्टर भूमि सिंचाई के क्षेत्र में आ सकती है ।**
2) निम्न दुधना प्रकल्प	वेगवर्धित वेगसिंचाई कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित (AIBP)	➔ प्रस्तुत प्रकल्प के लिए AIBP के अंतर्गत इस वर्ष 45 करोड रु. का कोष (निधी) प्राप्त । प्रकल्प प्रभावित 'नान्सी' गॉव के पूर्नवसन (पूर्नस्थावित) होकर नहर काम को 99% पूर्णत्व प्राप्त हुआ । ➔ दायाँ नहर (कालवा) 47% तो बायाँ (डावा) नहर (कालवा) 92% पूर्ण हो गया हैं ।
3) करपरा मध्यम प्रकल्प	2009-10 विशेष दुरुस्ती प्रस्ताव शासन कि ओर मान्यता के लिए प्रस्तुत किया है ।	➔ प्रकल्प के विशेष बदलाव प्रस्ताव की किंमत रु.9.42 करोड को शासन की मंजूरी मिली । ➔ प्रकल्प के पहले 2 कि.मी. का विस्तारीकरण पूर्ण होकर 1041 हेक्टर भूमि सिंचाई क्षेत्र में आएगी ।

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
	रस्ता / मार्ग	
1) पैठण-अंबड-आष्टी-पाथरी-पोखर्णी-पुर्णा-नांदेड महामार्ग	राष्ट्रीय महामार्ग के लिए राज्यशासन की ओर प्रस्ताव की पेशकश। **कै.मा.ना. शंकरराव चव्हाण इनका जन्मस्थल पैठण (नाथसागर) से कर्मभूमि नांदेड राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्यान्वयन लगभग पूरा है।**	➔ राष्ट्रीय महामार्ग मंजुरी के लिए उचित प्रतिकृत मार्ग की संपूर्ण जानकारी का नक्शा राज्य और केंद्र सरकार की ओर प्रस्तावित किया, आज रास्ता लगभग तैयार है।
2) बैतूल-अंजनगाव सुर्जी-अकोट-अकोला-रिसोड-सेनगाव-जिंतूर-परभणी-गंगाखेड-अंबाजोगाई-कळंब-धाराशिव	प्रस्तुत मार्ग को राष्ट्रीय महामार्ग का दर्जा दिया गया। इसके लिए 2010-11 में राज्य सरकार की ओर माँग की	➔ प्रस्तुत मार्ग का रुपांतर राष्ट्रीय महामार्ग में हो, इसके लिए उचित प्रतिकृति में राज्य और केंद्र सरकार की ओर प्रस्ताव की पेशकश और निरंतर पृष्ठपोषण किया गया।
3) वाटूर-जिंतूर-औंढा नागनाथ-नांदेड और औंढा नागनाथ-हिंगोली महामार्ग	इस महामार्ग कों BOT तत्व पर चतु:पद्रीकरण की निरंतर माँग की गई। 2012-13 में प्रस्तुत मार्ग को राज्य सरकार के BOT तत्व पर मंजुरी प्राप्त। टेंडर की घोषणा।	दृष्टिक्षेप (दृष्टिपात) में महामार्ग (वाटूर ते जिंतूर) ➔ चतु:पद्रीकरण - 61.21 कि.मी. ➔ कुल लंबाई - 144 कि.मी. में से ➔ सिमेंट कॉंक्रीटीकरण - 5.95 कि.मी. ➔ दृपद्रिकरण (दुपदरीकरण) - 77.24 कि.मी. ➔ योजना खर्च - रु. 686 करोड।
4) राष्ट्रीय महामार्ग -222	भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली NHDP - IVA में प्रस्तावित 2010-11 प्रस्तावित करने में सफलता प्राप्त। कि.मी. 342-442 तक के मार्ग के कार्य का ठेका (अनुंबध) L&T कंपनी को दिया गया। **मानवत रोड में रेल उड्डाणपूल होगा।**	➔ राष्ट्रीय महामार्ग -222 (कि.मी. 442/00 ते 615/00) अर्थात मानवत रोड से महाराष्ट्र - आंध्र राज्य सीमा के इस मार्ग के दोपदरीकरण कार्य के बजट रु. 695 कोटी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर मंजुरी हेतु प्रस्तुत किया गया। ➔ इस वर्ष 2013-14 मध्ये परभणी उपमार्ग के साथ इस प्रकल्प की मान्यता (मंजूरी) हेतु निरंतर पृष्ठपोषण आरंभ किया। ➔ मानवत रोड रेल उड्डाणपूल तयार

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
5) राष्ट्रीय महामार्ग	राष्ट्रीय महामार्ग NH-222	प्रस्तावित कार्य के लिए प्राप्त कोष (पूँजी) ➔ **ढालेगाव से मानवत रोड** के लिए रु. 17.50 करोड । ➔ मानवत रोड से दंत महाविद्यालय रु. 5.50 करोड । ➔ दंत महाविद्यालय से रेल्वे स्टेशन परभणी रु. 5.50 करोड । ➔ श्री दत्तधाम से जिरो फाटा रु. 5.00 करोड ।
6) राष्ट्रीय महामार्ग-211 (पाचोड से शहागड) 30 कि.मी.	NHDP - IVB	➔ राष्ट्रीय महामार्ग-211 के चतुःपदरी करण कार्य को प्रत्यक्ष आरंभ । ➔ शहागड में रु. 60 करोड उड्डाणपूल प्रस्तावित ।
7) प्रधानमंत्री ग्रामसडक योजना	टप्पा-5 में 12 कामों के प्रस्ताव के प्रतिक्रिया के अभाव में प्रलंबित पुलों का काम प्रधानमंत्री ग्रामसडक परियोजना के अंतर्गत परभणी जिले में 146 करोड रु. के कार्य प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री ग्रामसडक परियोजना के अंतर्गत जालना जिलेमे 30 करोड रु के कार्य प्रस्तावित है ।	➔ भाग-5 में परिवधित बजट के साथ (रु 18 करोड) केंद्र सरकार की ओर मंजुरी हेतु प्रस्तुत किया गया । ➔ मार्ग के 19 पुलों के कार्य की मंजुरी टेडंर प्रक्रिया पूर्ण की । प्रत्यक्ष कार्य का प्रारंभ (14 करोड 40 लक्ष रु.) ➔ परभणी और जालना जिले में प्रस्तावित कार्यों का प्रारंभ हो इसके लिए प्रमुखता से पृष्ठपोषण किया गया ।
8) छत्रपती शिवाजी महाराज पुतले से श्री दत्तधाम (अपघात प्रवण क्षेत्र का रस्ता)	पिछले 12 वर्षो से कोई काम नहीं हुआ।	➔ 2010-11 शिवाजी नगर से खानापूर फाटा - साईड पट्टा - 1 करोड 20 लाख व्यय । ➔ 2012-13 साईड पट्टे के डामरीकरण - 1 करोड रू. व्यय (छत्रपती शिवाजी महाराज पुतला से वसंतराव नाईक पुतला) ➔ 2012-13 मार्ग दुभाजक ओंर विद्युत पोल का हटाये जाने के लिए कार्य संपन्न हुआ - 2 करोड 88 लक्ष रु. व्यय हुआ ।

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
	रेल	
1) परभणी - मुदखेड	परभणी-मुदखेड रेल मार्ग के विस्तारीकरण की माँग ।	➔ रेलमार्ग के दुतर्फा विस्तारीकरण को मंजुरी प्राप्त । प्रस्तावित 350 करोड रुपये के बजट की रेल बोर्ड की ओर पेशकश । प्रत्यक्ष राशि बढाकर कार्य के शुभारंभ के हेतु रेलमंत्रालय की ओर निरंतर पृष्ठपोषण ।
2) परभणी-मनमाड सिकंद्राबाद-मुदखेड आदिलाबाद-मुदखेड	इन सभी रेलमार्गों को दुतर्फा विस्तारीकरण करणे की माँग ।	➔ 2013 के रेल बजट में प्रस्तुत रेल मार्गों के दुतर्फा विस्तारीकरण कार्य के सर्वेक्षण को मंजुरी प्राप्त ।
3) पूर्णा (जं.) मे मल्टिस्पेशालिटी हॉस्पिटल	2010-11 के रेल बजट में मंजुरी	➔ पूर्णा (जं) में प्रस्तावित मल्टिस्पेशालिटी हॉस्पिटल के **प्रस्थापित प्रकल्प (योजना) में संम्मलिन** करने हेतु रेलमंत्रालय की मंजूरी । ➔ प्रस्तुत हॉस्पिटल के लिए केंद्रिय स्वास्थ मंत्रालय की ओर पृष्ठपोषण निरंतर जारी ।
4) चुडावा - बसमत उपमार्ग		➔ रेल यातायात में रुकावटे ना हो इसलिए चुडावा - बसमत उपमार्ग को मंजूरी प्रदान ।
5) परभणी (जं.) और पूर्णा (जं.)	परभणी (जं.) और पूर्णा (जं.) इन दो रेलस्थानको को 'आदर्श रेलस्थानक' की सूची में सम्मिलित होने के कार्य में 2010 में सफलता प्राप्त ।	➔ 'आदर्श रेल्वेस्थानक' सूचि मे सम्मिलित होने से दोनो रेलस्थानकों में कार्य का प्रारंभ । पूर्णा के बहुत से कार्य पूर्णत्व की ओर तो परभणी के प्लॅटफॉर्म विस्तारी करण वॉशेबल अॅप्रान ये कार्य प्रगती पर अग्रेसर । रेल स्थानक के बाहर सेर्क्युलेटिंग स्थान (एरीया) का कार्य संपन्न साथही नये पादचारीपूल का कार्य प्रगति पथ पर अग्रेसर (विकासाधिन)
6) गंगाखेड, मानवत रोड, परतूर, सेलू, मकृवि का उड्डाणपूल	गंगाखेड रेल उड्डाणपूल को मंजूरी (मान्यता)	➔ गंगाखेड स्थित रेल उड्डाणपूल को मंजुरी और कार्य का प्रारंभ । **2021 में पुल तैयार हुआ ।** ➔ मानवत रोड यहाँ के उड्डाणपूल को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से पुल तैयार ।

	इ.स. 2009	इ.स. 2013-14 / वर्तमान स्थिती
7) सेलू, मानवत रोड, परतूर, पोखर्णी (नृसिंह) और गंगाखेड रेल स्थानक	इन सभी रेलस्थानक कों का 2010-11 के आदर्श रेल स्थानक की सूचि में माँग के तहत सम्मिलित ।	➔ मानवतरोड रेलस्थानक का कार्य संपन्न हुआ। सेलू, परतूर, गंगाखेड और पोखर्णी (नृसिंह) यहाँ के रेलस्थानकों का कार्य भी विकास की ओर अग्रेसर ।
8) अकोला-खंडवा	अकोला-खंडवा रेलमार्ग विस्तार करणे की माँग	➔ अकोला से गांधी स्मारक रेलमार्ग विस्तारीकरण कार्य का प्रारंभ ।
9) रेल्वे आरक्षण केंद्र	जिंतूर, मंठा, सोनपेठ, घनसावंगी, पालम तहसिल डाक कार्यालय में रेल आरक्षण केंद्रों की माँग ।	➔ जिंतूर के डाक कार्यालय में रेल आरक्षण केंद्र का प्रारंभ । अन्य स्थानो पर केंद्र के क्रियान्वयन हेतु निरंतर पृष्ठपोषण जारी ।
10) नई रेलगाडिया आरंभ करने में सफलता ।		
11) परळी-बीड-नगर		➔ परली-बीड नगर इस रेलमार्ग के शिघ्र कार्यारंभ के लिए संसद में मुद्दा उठाया ।
अन्य विकास कार्य		
1) परभणी स्टेशन ऑफिस पोस्ट	परभणी और परतूर में नए डाक कार्यालय के ईमारत निर्माण हेतु केंद्र सरकार की ओर प्रस्ताव दाखिल किया ।	➔ परभणी और परतूर में नए डाक कार्यालय के निर्माण कार्य का प्रस्ताव शासन की ओर से स्वीकृत । 12 वी पंचवार्षिक परियोजना में सम्मिलित हुआ । ➔ परभणी के ईमारत निर्माण को इस वर्ष प्रारंभ होगा । तो परतूर के ईमारत का पृष्ठपोषण जारी है । ➔ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा डिजीटल इंडिया योजना के लिए यह फायदेमंद होगा ।
2) एफ.एम. रेडिओ परभणी	2009 से निरंतर एफ.एम. केंद्र प्रारंभ होने हेतु पृष्ठपोषण	➔ परभणी आकाशवाणी केंद्र परिसर में एफ.एम. केंद्र के लिए आवश्यक सभी मुलभूत सुविधाएँ पूरी की गई । 102 MHz इस Frequency पर एफ.एम. रेडिओ आरंभ हुआ हैं ।

महाराष्ट्र के प्रख्यात भूतपूर्व मंत्री तथा सांसद श्री. गणेशराव दुधगांवकर इनके पचास साल के कर्तृत्व के सारे पहलुओं के लिए www.Dudhgaonkar.in/Ganeshrao वेबसाइट पर अवश्य भेंट दें ।

कुछ सम्माननीय साथिदारों की नजरों से बापूसाहेब...!

मराठवाडा के कर्मवीर : ॲड. गणेशराव दुधगांवकर (बापूसाहेब)

श्री. भिमराव हटकर
वरिष्ठ पत्रकार, नांदेड

''राष्ट्रीय औसत से लगभग डेढ़ गुना ज्यादा प्रश्न बापूसाहेब ने संसद सदन में पूछ कर जनता की आवाज को शासनकर्ताओं तक पहुंचाया।''

बापूसाहेब द्वारा सभागृह में उपस्थित किए हुए प्रश्न :

1. परभणी के वसंतराव नाईक कृषि विश्वविद्यालय में मेगा फूड पार्क निर्माण किया जाए। (दि.10-08-2010)
2. नए बन रहे भूसंपादन कानून 2011 में किसानों को उचित रकम मिलना तथा उनके आर्थिक हितों का संवर्धन किया जाए।
3. अकाल एवं अभाव की स्थिति की पृष्ठभूमि में किसानों को कम कीमत में बीज तथा खाद उपलब्ध कर दिया जाए। (दि.19-08-2010)
4. 2009 में हुई अतिवृष्टि से गोदावरी नदी में आई बाढ़ के कारण किसानों तथा अन्य पीड़ितों को आर्थिक मदद दी जाए। (दि. 09-12-2009)
5. नांदेड़ से पैठण यह राष्ट्रीय महामार्ग 220 किया जाए। (दि.20-12-2011)
6. परभणी जिले में से जाने वाला राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 222 यह चौगुना किया जाए। (दि.22-08-2012)
7. मेहकर तहसील के लोणार झील को राष्ट्रीय पर्यटन का दर्जा देकर उसका विकास किया जाए।
8. राज्य के धनगर समाज को अनुसूचित जमाती में समाविष्ट करके उन्हें उस प्रवृत्ति की सभी सुविधाएं दी जाए। (दि.5-12-2012)
9. केंद्रीय शिक्षा संस्थान प्रवेश अंतर्गत आरक्षण दुरुस्ती विधेयक 2020 पर हुई चर्चा में सहभागी होकर आरक्षण के समर्थन में विचार व्यक्त किए। (दि.16-05-2012)
10. 2009 में हुई अतिवृष्टि तथा बाढ़ से उत्पन्न स्थिति से निर्माण डेंगू, मलेरिया, पीलिया, चिकनगुनिया आदि रोगों से त्रस्त जनता को केंद्र द्वारा वैद्यकीय सहायता पैकेज दिया जाए। (दि.30-11-2010)

बापुसाहेब ने संसद में पूछे हुए 418 प्रश्नों में से उपर्युक्त दस प्रश्न तथा उन प्रश्नों का स्वरुप देखें तो उन प्रश्नों से बापुसाहेब के स्वभावगत गुण, जैसे-सामाजिक उत्तरदायित्वता का एहसास, नैतिकता तथा विकासात्मक दृष्टि आदि दृष्टिगोचर होते हैं। संसद हो या विधानसभा; प्रश्न पूछना, बहस में योगदान देना आदि सांसदिय आयुधों का उपयोग बापुसाहेब ने जनसाधारण लोगों के प्रश्नों को अभिव्यक्ति देने के लिए किया है, यही बात स्पष्ट होती हैं।

सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने वाले ॲड. गणेशराव दुधगांवकर

श्री. अशोक पाटील, भूतपूर्व मंत्री
केज जि.बीड

भूतपूर्व सांसद ॲड. गणेशरावजी दुधगांवकर नौ सितंबर 2019 को पचहत्तरवें वर्ष में पदार्पण कर चुके हैं। ॲड. दुधगांवकर अत्यंत शांत, संयमी, बुद्धिमान, संवेदनशील, उत्तरदायित्व का एहसास रखने वाले व्यक्ति हैं। जनसाधारण का हित करने वाले, इसके साथ ही राजनीतिक वर्तुल के बाहर निकलकर सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सातत्यपूर्ण काम करने वाले नेता के रुप में ख्याति प्राप्त हैं। उद्योग, सहकार आदि विविध क्षेत्रों में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

ॲड. दुधगांवकर जी को छात्रावस्था से ही समाजसेवा में अभिरुचि थी। औरंगाबाद में विधि शिक्षा ग्रहण करते समय वे 'मराठवाडा विश्वविद्यालय संघ' इस संघटन से जुड़ गए। इस संघटन के माध्यम से उन्होंने अनेक छात्र आंदोलन करवाए। फिर वह परभणी का कृषि विश्वविद्यालय का आंदोलन हो या मराठवाड़ा विकास आंदोलन हो । इन आंदोलनों में उनका सहयोग उल्लेखनीय रहा है। संघटन का काम करते समय उन्होंने कभी भी प्रसिद्धि की चाह नहीं रखी और न ही संघटन में किसी पद की अपेक्षा की।

ॲड. दुधगांवकर जी ने विधि की पढ़ाई पूर्ण करने उपरांत परभणी आकर सच्चे अर्थों में सामाजिक कार्य करना आरंभ किया। किसानों, मेहनतकश जनता के काम करते समय ही वे महाराष्ट्र पणन संघ के संचालक बने। यह अवसर मिलने के बाद उन्होंने सहकार क्षेत्र में अत्यंत उल्लेखनीय कार्य किया। 1980 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पक्ष ने उन्हें वसमत चुनाव क्षेत्र से उम्मिदवारी प्रदान की। यहाँ बहुमत प्राप्त करके वे विधानसभा में कार्य करने लगे। उनके समाजाभिमुख कार्यों को देखकर ही स्व. वसंतदादा पाटील जी के मंत्रीमंडल में' तंत्रशिक्षण तथा रोजगार हमी योजना' विभाग के मंत्री के रुप में कार्य करने का उन्हें अवसर दिया गया। रोजगार गॅरंटी योजना के माध्यम से उन्होंने अनेक लोकोपयोगी योजनाएँ महाराष्ट्र में कार्यान्वित की। उनके इन कार्यों के परिणामस्वरुप ही उन्हें जिंतुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र की उमीदवारी मिली। यह चुनाव भी वे बहुमत से जीत गए।

विधानसभा में तथा राज्यस्तर पर नेतृत्व करते समय ॲड. दुधगांवकर जी ने युवाओं तथा अपने कार्यकर्ताओं को सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में काम करने के अवसर प्रदान किए तथा उनमे नेतृत्व गुण विकसित करने के प्रयास किए। छात्रावस्था में ही ॲड. दुधगांवकर कहा करते थे कि सांसद के रुप में काम करने का अवसर मिला तो अच्छा होगा। और यह अवसर उन्हें 2005 के संसद चुनाव में मिला।

